हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(नवम् सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु स्थगित प्रश्न

सोमवार, 24 अगस्त, 2015/2 भाद्रपद, 1937 (शक्)

[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री].

कुल प्रश्न - 3

सामान का क्रय

***1508 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 15 फरवरी, 2015 तक कितना-कितना सामान बिजली विभाग/बोर्ड ने किन-किन कम्पनियों या ठेकेदारों/सप्लायरों से किन-किन दरों में खरीदा; कुल कितनी धनराशि खर्च की गई; ब्यौरा वर्षवार दें; और

(ख) यह सत्य है कि जो सामान ट्रांसमिशन लाइनों के लिए खरीदा गया वह Sub-standard पाया गया; यदि हां, तो ब्यौरा मद-वार दें ?

स्थानान्तरण नीति

***1554 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में सरकार की क्या स्थानान्तरण नीति है; प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ख) भटियात विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न विभागों में ऐसे कितने अधिकारी/कर्मचारी हैं जिनका तबादला हो चुका है परन्तु उन्हें पदभार मुक्त नहीं किया गया है; ब्यौरा कारणों सहित दें?

बस परमिट

***2027 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ के उद्योगों में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों को चण्डीगढ़ व हरियाणा से लाने हेतु चल रही निजी बसों को परमिट जारी किए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो किन नियमों के अन्तर्गत दिए गए हैं; और

(ग) इस समय चण्डीगढ़ के ट्रांसपोर्टर्ज़ (मग्गू बस सर्विस, गगन बस सर्विस, दीप बस सर्विस व पंजाब बस सर्विस) की कितनी बसें इन औद्योगिक क्षेत्रों में चल रही हैं और इन्हें कितने परमिट दिए गए हैं; ब्यौरा दें ?

शिमला: 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा ,**
दिनांक: 13 अगस्त ,2015. **सचिव।**